दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 31 ⁄ 05 ⁄ 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बिहार का किया विशेष उल्लेख। सत्तू और जर्दालू आम की चर्चा की।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भागलपुर में विक्रमशिला पुल और गंगा पथ परियोजना का किया निरीक्षण। दो सौ तीन करोड़ रूपये की लागत वाली चौरासी विकास योजनाओं का किया उद्‌घाटन और शिलान्यास।

03. आईपीएल क्रिकेट दो हजार छब्बीस का फाइनल आज। रॉयल चैलेन्जर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटन्स के बीच ये मुकाबला अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में हो रहा है।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के उत्तर–पूर्व भागों के कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना जताई है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा किये। मन की बात कार्यक्रम की यह एक सौ चौंतीसवी कड़ी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश की अमूल्य धरोहरों के संरक्षण के लिए प्रयासरत है।

———बाइट———

'ज्ञान भारतम् अभियान' के तहत छत्तीसगढ़ के मल्हार में भी एक महत्वपूर्ण खोज हुई है। यहां तीन दुर्लभ ताम्र पट्टिकाएं मिली हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि ये इन्सिक्रप्शंस छठी–सातवीं सदी के हैं। ये ताम्र पट्टिकाएं प्राचीन ब्राह्मी लिपि और पाली भाषा में लिखी गई हैं। इनसे उस समय की शासन–व्यवस्था, धर्म और संस्कृति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है।

---

श्री मोदी ने देशवासियों से भीषण गर्मी के मौजूदा मौसम के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतने और सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील की।

———बाइट———

इस समय देश के ज्यादातर हिस्सों में बहुत गर्मी पड़ रही है। तेज धूप, गर्म हवाएँ, ऐसे मौसम में अपना ध्यान रखना बहुत जरूरी है। पानी पीते रहिए। धूप में अगर निकलना ही पड़े तो थोड़ा संभल कर निकलें। इस दिशा में सरकार की भिन्न–भिन्न डिपार्टमेंट्स ने जो गाइडलाइन्स जारी की हैं वो भी भूलियेगा नहीं।

प्रधानमंत्री ने लोगों से गर्मी से राहत के लिए आम पन्ना, छाछ, लस्सी, सत्तू, शरबत, बेल पन्ना, पनाकम, नीर मोर, सांभरम, कोकम शरबत और सोल कढ़ी का सेवन करने की अपील की है।

———बाइट———

हमारे यहां गर्मी से लड़ने का तरीका भारत के अलग–अलग क्षेत्रों की परंपरा का हिस्सा है। और इसमें 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' की भावना की झलक भी मिलती है। और एक बात जरूर ध्यान रखियेगा, इनमें से ज्यादातर चीजें हमारी अपनी रसोई से निकली हैं। आप भी गर्मी के दौरान देसी पेजयलों का खूब आनंद लीजिए।

प्रधानमंत्री ने काशी के लंगड़ा, महाराष्ट्र के अल्फाज़ो, गुजरात के केसर और पश्चिम बंगाल के हिमसागर आम की चर्चा करते हुए कहा कि हर क्षेत्र के आम का स्वाद अनूठा और उसकी महक अनोखी होती है।

———बाइट———

महाराष्ट्र और कोंकण का हापुस, अल्फांसो, गुजरात का केसर, यह तो आमरस की जान है। उत्तर प्रदेश का दशहरी और मेरी काशी का लंगड़ा। बिहार का जर्दालू, चौसा, मालदा दृ हर नाम के साथ लोगों की यादें जुड़ी हुई हैं। दक्षिण भारत जाइए, तो बंगनपल्ली, तोतापुरी, नीलम, मलगोवा, बंगाल का हिमसागर, ओडिशा और आंध्र प्रदेश का सुवर्णरेखा। यानी, जगह बदलती है, आम का रूप–रंग और उसका स्वाद भी बदल जाता है।

श्री मोदी ने कहा कि भारतीय आम ने वैश्विक बाजार तक पहुंच बनाई है और आम हमारी कृषि अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

———बाइट———

साथियों, आम की ये यात्रा, अब गाँव से, ग्लोबल मार्केट तक भी पहुँच रही है। 'मन की बात' के माध्यम से मैं आम की पैदावार से जुड़े अपने किसान भाई–बहनों की प्रशंसा करूंगा। आप देश की कृषि अर्थव्यवस्था के लिए आम किसान नहीं बहुत विशेष हैं। ऐसे ही छाए रहिए।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना और कार्यक्रम में विशेष तौर पर बिहार का उल्लेख किए जाने पर प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में भीषण गर्मी से बचाव के लिए बिहार के पारंपरिक पेय सत्तू तथा प्रसिद्ध जर्दालु आम का उल्लेख करना राज्य की विशिष्ट पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करता है। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, स्थानीय उत्पादों और जनजीवन से जुड़े विषयों का उल्लेख राज्यवासियों के लिए गर्व और सम्मान का विषय है।

---

इधर, कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम को सुना। श्री सिन्हा ने इस कार्यक्रम को देशवासियों के लिए प्रेरणादायक बताया।

———बाइट———

इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन और विधान पार्षद अरविंद शर्मा समेत पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहें। डेयरी पशुपालन और मत्स्य मंत्री नंदकिशोर राम ने पश्चिम चंपारण के रामनगर में और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने वाल्मीकीनगर में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ इस कार्यक्रम को सुना।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज भागलपुर में दो सौ तीन करोड़ रूपये की लागत वाली चौरासी विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने विक्रमशिला पुल और गंगा पथ परियोजना का निरीक्षण कर विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही विक्रमशिला सेतु पर आवागमन शुरू कर दिया जायेगा।

———बाइट———

---

भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी योगेश कुमार सागर और अभिलाषा कुमारी शर्मा के निलम्बन के बाद बिहार के प्रशासनिक हलकों में हाई प्रोफाईल ठेकेदार रिशू रंजन सिन्हा उर्म रिशूश्री के कारनामों की चर्चा तेज हो गयी है। जांच एजेंसियों का कहना है कि सरकार में बैठे शीर्ष अफसरों के साथ रिशूश्री का नजदीकी रिश्ता था। अधिकारियों से अच्छे संबंध का लाभ लेकर करोड़ों के सरकारी टेंडरों अपनी मर्जी से चेहतों को फायदा पहुंचाता था। जांच एजेंसियों ने रिशूश्री पर शिकंजा कसा तो मामला सामने आया। गौरतलब है कि योगेश कुमार सागर दो हजार सत्रह बैच के और अभिलाषा कुमारी शर्मा दो हजार चौदह बैच की बिहार कैडर की आईएएस है। श्री सागर उत्तर प्रदेश के बरेली और अभिलाषा कुमारी शर्मा बिहार के नवादा जिले की रहने वाली है। दोनों अधिकारी बिहार सरकार में शीर्ष पदों पर कार्य कर चुके हैं। सरकार ठेकों में हेराफेरी के मामलों में इससे पहले जांच एजेंसियों ने आईएएस संजीव हंस, बिहार प्रशासनिक सेवा के मुमूक्छू चौधरी, भवन निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता तारीनी दास, नगर विकास एवं आवास विभाग के कार्यपालक अभियंता उमेश कुमार सिंह पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। भ्रष्टाचार के आरोप में दो आईएएस अधिकारियों का निलम्बन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की सरकार का भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत की गयी यह बड़ी कार्रवाई है।

---

आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस है। यह दिन तंबाकू के उपयोग को पूरी तरह समाप्त करने के उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण वैश्विक पहल का हिस्सा है। इस वर्ष का विषय है– अपील का अनावरण– निकोटीन और तंबाकू की लत से निपटना। इधर, विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर राजधानी पटना सहित प्रदेभभर में कई जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

---

भागलपुर में भाजपा द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता सरकार और संगठन के बीच सेतु का कार्य करते हैं।

इस अवसर पर भागलपुर विधायक रोहित पांडेय, पीरपैंती विधायक मुरारी पासवान, विधान पार्षद लालमोहन गुप्ता और डॉ एन के यादव, सहित पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

---

अररिया जिले में पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर अलग–अलग क्षेत्रों से नौ सौ लीटर देशी–विदेशी शराब के साथ इकतालीस लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

भोजपुर जिले मे साइबर थाना पुलिस ने साइबर फ्रॉड करने वाले नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर ऑनलाइन गेमिंग के जरिये करोड़ो रूपये की ठगी करने का आरोप है।

---

शेखपुरा जिला में विश्व तंबाकू निषेद दिवस के अवसर पर आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा न्यायालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला जज संतोष्ज्ञ कुमार तिवारी ने सभी पदाधिकारियों, और कर्मियों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई।

---

शेखपुरा जिला के करंडे थाना पुलिस ने एक गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो पिस्तौल, एक जिंदा कारतूस और दो चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है।

---

रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर रंगदारी मांगने, मारपीट करने समेत कई अन्य गंभीर मामले दर्ज है।

---

प्रदेशभर में पिछले चौबीस घंटों के दौरान मौसम शुष्क बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान सैंतीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ कैमूर का भभूआ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के उत्तर–पूर्व भागों के कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना जताई है।

———बाइट———

---

जदयू का प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि अगामी विधान परिषद चुनावों में एनडीए सभी दस सीटों पर विजय हासिल करेगा।

———बाइट———

---

आई.पी.एल. क्रिकेट का फाइनल मुकाबला आज निवर्तमान चैम्पियन रॉयल चैलेन्जर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटन्स के बीच हो रहा है। यह मैच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। टॉस जीतने के बाद रॉयल चैलेन्जर्स बेंगलुरु ने बॉलिंग का फैसला किया है।

---

01. आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बिहार का किया विशेष उल्लेख। सत्तू और जर्दालू आम की चर्चा की।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भागलपुर में विक्रमशिला पुल और गंगा पथ परियोजना का किया निरीक्षण। दो सौ तीन करोड़ रूपये की लागत वाली चौरासी विकास योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास।

03. आईपीएल क्रिकेट दो हजार छब्बीस का फाइनल आज। रॉयल चैलेन्जर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटन्स के बीच ये मुकाबला अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में हो रहा है।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के उत्तर–पूर्व भागों के कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना जताई।

---

समाप्त